**भारतीय मानक ब्यूरो**

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय**

**(उपभोक्ता मामले विभाग), भारत सरकार**

मानक भवन, 9 बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002

---

# विज्ञापन सं. 2/2020/स्थापना

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (उपभोक्ता मामले विभाग), भारत सरकार के अंतर्गत सांविधिक निकाय और देश में मानकीकरण, उत्पाद एवं पद्धति प्रमाणन, सोना/चांदी के आभूषणों की हॉलमार्किंग, प्रयोगशाला परीक्षण करने, इत्यादि के क्षेत्र में गतिविधियों हेतु उत्तरदायी निकाय, बीआईएस मुख्यालय, नई दिल्ली और देशभर में स्थित बीआईएस कार्यालयों में सीधी भर्ती द्वारा निम्नलिखित पदों पर रिक्तियाँ भरने हेतु पात्र अभ्यर्थियों से नीचे दिए गए विवरणानुसार **ऑनलाइन आवेदन** आमंत्रित करता है:

| क्र. स. | पद का नाम और पे मैट्रिक्स लेवल | अधिकतम आयु सीमा | रिक्तियों की सं. | अनारक्षित | ईडब्ल्यूएस | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व | | समानांतर रिक्तियाँ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **समूह - क** | | | | | | | | | दिव्यांग | भू.पू.सै. |
| 1 | सहायक निदेशक (प्रशासन एवं वित्त) (01-विधि एवं 01- वित्त) लेवल -10 (रु. 56100-177500) | 35 वर्ष | **02** | 02 | - | - | - | - | | - | - |
| 2 | सहायक निदेशक (विपणन एवं उपभोक्ता मामले) लेवल -10 (रु. 56100-177500) | 35 वर्ष | **01** | 01 | - | - | - | - | | - | - |
| 3 | सहायक निदेशक (पुस्तकालय) लेवल -10 (रु. 56100-177500) | 35 वर्ष | **01** | 01 | - | - | - | - | | - | - |
| | **समूह- ख** | | | | | | | | | | |
| 4 | सहायक अनुभाग अधिकारी लेवल -6 (रू.35400-112400) | 30 वर्ष | **17** | 08 | 01 | 02 | 01 | 05 | | 01 (**श्रवण बाधित**) | |
| 5 | निजी सहायक लेवल -6 (Rs.35400-112400) | 30 वर्ष | **16** | 08 | 01 | 02 | 01 | 04 | | 01 (**श्रवण बाधित**) | - |
| 6 | कनिष्ठ अनुवादक (हिंदी) लेवल -6 (रू.35400-112400) | 27 वर्ष | **01** | - | 01 | - | - | - | - | - | - |
| | **समूह- ग** | | | | | | | | | | |
| 7 | पुस्तकालय सहायक लेवल - 5 (29200-92300) | 27 वर्ष | **01** | 01 | - | - | - | - | | - | - |
| 8 | आशुलिपिक लेवल - 4 (25500-81100) | 27 वर्ष | **17** | 08 | 03 | 01 | 02 | 03 | | 01 (**दृष्टि बाधित**) | 01 |
| 9 | वरिष्ठ सचिवालय सहायक लेवल - 4 (25500-81100) | 27 वर्ष | **79** | 35 | 07 | 11 | 05 | 21 | | 02 (**दृष्टि बाधित**), 01 (ID&MI/ MD) | 07 |
| 10 | कनिष्ठ सचिवालय सहायक लेवल - 2 (रू.19900-63200) | 27 वर्ष | **36** | 17 | 03 | 05 | 02 | 09 | | 01 (**दृष्टि बाधित**) | 03 |

संक्षिप्तियाँ:

| | | | |
|---|---|---|---|
| अना- अनारक्षित | अ.पि.व - अन्य पिछड़ा वर्ग | आ.क.व - आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | बौ.नि.मा.अ/ब.व्या - बौद्धिक निशक्तता एवं मानसिक अस्वस्थता/ बहु व्याधियाँ |
| दि- दिव्यांग | अ.जा - अनुसूचित जाति | अ.ज.जा - अनुसूचित जनजाति | |
| भू.पू.सै- भूतपूर्व सैनिक | श्र.बा- श्रवण बाधित | दृ.बा- दृष्टि बाधित | |

नोट:

i) दिव्यांग अभ्यर्थियों को भारत सरकार के अनुदेशों के अनुसार "इन्टरलॉकिंग आरक्षण" उपलब्ध कराया जाएगा।

ii) केवल कम से कम 40% निशक्तता वाले दिव्यांग व्यक्ति ही उनके लिए आरक्षित पदों पर प्रतिस्पर्धा अथवा किसी भी शिथिलता /छूट का लाभ उठाने हेतु आवेदन करने के पात्र होंगे।

iii) आवश्यकतानुसार रिक्त पदों की संख्या को बढ़ाया या घटाया जा सकता है। अभ्यर्थी को नियुक्ति होने पर देश में स्थित बीआईएस के किसी भी कार्यालयों में तैनात नियुक्त किए जाने का अधिकार बीआईएस के पास सुरक्षित होगा।

iv) आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरणः **05 सितंबर 2020 (प्रातः 9.00 बजे) से 26 सितम्बर 2020 (6.00 सांय)**

**2. शैक्षणिक अर्हताएं एवं अनुभवः**

| क्र. स. | पद का नाम | अपेक्षित शैक्षिणिक एवं अन्य अर्हताएं |
|---|---|---|
| 1. | सहायक निदेशक (प्रशासन एवं वित्त) [01- विधि एवं 01 वित्त ] | <u>सहायक निदेशक (प्रशासन) विधि हेतु</u><br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विधि में डिग्री/विधि स्नातक; और<br>(ii) केंद्रीय/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार या सांविधिक/स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर उपक्रम/प्रतिष्ठित सरकारी एजेंसी में संबंधित क्षेत्र में तीन वर्ष का अनुभव.<br><u>सहायक निदेशक (वित्त) हेतु</u><br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से चार्टर्ड अकाउन्टेंट/कॉस्ट एण्ड वर्क्स अकांउटेंट/सर्बोर्डिनेट अकांउट सर्विस अकाउन्टेंट/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (वित्त में विशेषज्ञता के साथ); और<br>(ii) केंद्रीय /राज्य /संघ राज्य क्षेत्र सरकार या सांविधिक /स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर उपक्रम /प्रतिष्ठित सरकारी एजेंसी में संबंधित क्षेत्र में तीन वर्ष का अनुभव। |
| 2. | सहायक निदेशक (मार्केटिंग एवं उपभोक्ता मामले/) | (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (मार्केटिंग) या जनसंचार में मास्टर डिग्री या स्नातकोत्तर डिप्लोमा<br>या<br>मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से सोशल वर्क में मास्टर डिग्री या स्नातकोत्तर डिप्लोमा;<br>और<br>(ii) केंद्रीय सरकार/राज्य सरकार/ संघ राज्यक्षेत्र सरकार या सांविधिक/स्वायत्त निकाय पब्लिक सेक्टर उपक्रम/प्रतिष्ठित सरकारी एजेंसी से मार्केटिंग/जनसंचार /सोशल वर्क के क्षेत्र में पाँच वर्ष का अनुभव। |
| 3. | पुस्तकालय निदेशक (पुस्तकालय) | (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से पुस्तकालय विज्ञान अथवा पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में मास्टर डिग्री (स्नातकोत्तर डिग्री);<br>अथवा<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था से पुस्तकालय विज्ञान अथवा पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा; और<br>(ii) केंद्रीय सरकार/ राज्य सरकार /स्वायत्त निकाय/ पब्लिक सेक्टर उपक्रम किसी मान्यता प्राप्तं विश्वविद्यालय/ संस्थान के अधीन किसी पुस्तकालय में कम से कम पाँच वर्ष का अनुभव।<br>वांछनीय: कंप्यूटर एप्लीकेशन में डिप्लोमा। |
| 4. | सहायक अनुभाग अधिकारी | (i) किसी मान्यता प्राप्तं विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री या समतुल्य ; और<br>(ii) कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा: अभ्यर्थी कम से कम राष्ट्रीय कौशल अर्हक रुपरेखा (एनएसक्यूएफ) के लेवल-6 में प्रवीण होना चाहिए। यह परीक्षा अर्हक प्रकृति की होगी; और<br>(iii) कंप्यूटर प्रवीणता में अर्हता कौशल परीक्षा। |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | निजी सहायक | (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री<br>(ii) कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा: अभ्यर्थी कम से कम राष्ट्रीय कौशल अर्हक रुपरेखा (एनएसक्यूएफ) के लेवल-6 में प्रवीण होना चाहिए। यह परीक्षा अर्हक प्रकृति की होगी;<br>और<br>(iii) अंग्रेजी या हिंदी में आशुलिपि परीक्षा में सात मिनट तक सौ शब्द प्रति मिनट की श्रुतलेख परीक्षा होगी जिसका अभ्यर्थी को पैतांलीस मिनट में (अंग्रेजी श्रुतलेख) और साठ मिनट में (हिंदी श्रुतलेख) का अनुलेखन करना होगा और कम्प्यूटर का ज्ञान अपेक्षित होगा। 40% या उससे अधिक निशक्तता वाले दृष्टि बाधित अभ्यर्थियों को उक्त सामग्री का अंग्रेजी आशुलिपि परीक्षा के लिए सत्तर मिनट में और हिंदी आशुलिपि परीक्षा के लिए नब्बे मिनट में अनुलेखन करना होगा। अनुमेय त्रुटियाँ 5 प्रतिशत।<br>यदि विज्ञापित रिक्तियों के अनुसार किसी भी प्रवर्ग में अर्हित अभ्यर्थी (अर्थात् 5 प्रतिशत गलतियों के साथ) की पर्याप्त संख्या उपलब्ध नहीं होती है, तो अनुमेय गलतियों 10 प्रतिशत तक छूट दी जा सकती हैं। |
| 6. | कनिष्ठ अनुवादक (हिंदी) | (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी में मास्टर डिग्री/स्नातकोत्तर डिग्री और डिग्री स्तर पर अंग्रेजी एक विषय के रुप में रहा हो;<br>या<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में मास्टर डिग्री/स्नातकोत्तर डिग्री और डिग्री स्तर पर हिंदी एक विषय के रुप में रहा हो; या<br>किसी मान्यता प्राप्त् विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में मास्टर डिग्री/ स्नातकोत्तर डिग्री जिसमें हिंदी और अंग्रेजी एक विषय के रुप में रहा हो; या किसी मान्यता प्राप्ति विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में मास्टर डिग्री/ स्नातकोत्तर डिग्री जिसमें अंग्रेजी /हिंदी माध्यम और डिग्री स्तर पर हिंदी /अंग्रेजी एक विषय के रूप में रहा हो;<br>या<br>(ii) हिंदी से अंग्रेजी और विलोमतः अनुवाद में डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स; या हिंदी में शब्दावली संबंधी कार्य या विशेषतः तकनीकी या वैज्ञानिक साहित्य का अधिमानत: अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद या विलोमतः में दो वर्ष का अनुभव। |
| 7. | पुस्तकालय सहायक | पुस्तकालय विज्ञान में और मान्यता प्राप्त डिप्लोमा के साथ स्नातक सहित तीन वर्ष का अनुभव। |
| 8. | आशुलिपिक | (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री;<br>(ii) कम्प्यूटर प्रवीणता परीक्षाः अभ्यर्थी को कम से कम राष्ट्रीय कौशल रूप रेखा (एनएसक्यू) के लेवल 5 में प्रवीण होना चाहिए। यह परीक्षा अर्हक प्रवृति की होगी ; और<br>(iii) आशुलिपि परीक्षाः 80 शब्द प्रति मिनट की गति पर अंग्रेजी /हिंदी आशुलिपि परीक्षा जिसका अनुलेखन अभ्यर्थी को कम्प्यूटर पर क्रमशः 50 या 65 मिनट में करना होगा।<br>40% या उससे अधिक निशक्तता वाले दृष्टि बाधित अभ्यर्थियों को अंग्रेजी आशुलिपि परीक्षा के लिए सत्तर मिनट में और हिंदी आशुलिपि परीक्षा के लिए नब्बे मिनट में अनुलेखन करना होगा। अनुमेय त्रुटियाँ 5 प्रतिशत।<br>यदि विज्ञापित रिक्तियों के अनुसार किसी भी प्रवर्ग में अर्हित अभ्यर्थी (अर्थात् 5 प्रतिशत गलतियों के साथ) की पर्याप्त संख्या उपलब्ध नहीं होती है, तो अनुमेय गलतियों 10 प्रतिशत तक छूट दी जा सकती हैं। |

| | | |
|---|---|---|
| 9. | वरिष्ठ सचिवालय सहायक | (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री; तथा<br>(ii) कम्प्यूटर प्रवीणता में अर्हता कौशल परीक्षा जिसमें निम्नलिखित शामिल होगाः<br>(क) वर्ड प्रोसेसिंग टेस्ट-15 मिनट में 2000 की डिप्रेशन;<br>(ख) माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल पर स्प्रेड शीट्स टेस्ट-15 मिनट; और<br>(ग) पावर प्वाइंट (माइक्रोसॉफ्ट पावर प्वाइंट में टेस्ट-15 मिनट |
| 10. | कनिष्ठ सचिवालय सहायक | (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री;<br>(ii) कम्प्यूटर प्रवीणता परीक्षाः अभ्यर्थी को कम से कम राष्ट्रीय कौशल रूप रेखा के लेवल 5 में प्रवीण होना चाहिए। यह परीक्षा अर्हक प्रवृति की होगी ; और<br>(iii) टंकण गति परीक्षणः कम्प्यूटर पर अंग्रेजी में 35 शब्द प्रति मिनट या हिंदी में 30 शब्द प्रति मिनट की टंकण की गति (प्रति शब्द के लिए औसतन 5 की डिप्रेशन पर 10500 केडीपीएच /9000 केडीपीएच के अनुरूप 35 शब्द प्रति मिनट और 30 शब्द प्रति मिनट) अनुमेय समय 10 मिनट) |

**3. भर्ती की प्रक्रियाः**

| क्र. स. | पद का नाम | अधिकतम आयु सीमा | पद का समूह | भर्ती की प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|
| **1.** | सहायक निदेशक<br>(प्रशासन एवं वित्त) | 35 वर्ष | क | (क) ऑनलाइन परीक्षा ;और<br>(ख) साक्षात्कार |
| **2.** | सहायक निदेशक<br>(मार्केटिंग एवं उपभोक्ता मामले) | 35 वर्ष | क | (क) ऑनलाइन परीक्षा ; और<br>(ख) साक्षात्कार |
| **3.** | सहायक निदेशक (पुस्तकालय) | 35 वर्ष | क | (क) ऑनलाइन परीक्षा; और<br>(ख) साक्षात्कार |
| **4.** | सहायक अनुभाग अधिकारी | 30 वर्ष | ख | (क) ऑनलाइन परीक्षा ; और<br>(ख) टंकण गति परीक्षा; [कम्प्यूटर पर अंग्रेजी में प्रति मिनट पैंतीस शब्द और हिंदी में प्रति मिनट तीस शब्द टंकण गति (प्रति शब्द के लिए औसतन 5 की डिप्रेशन पर 10500 केडीपीएच /9000 केडीपीएच के अनुरूप 35 शब्द प्रति मिनट और 30 शब्द प्रति मिनट) अनुमेय समय 10 मिनट] परीक्षा अर्हक प्रकृति की होगी। |
| **5.** | निजी सहायक | 30 वर्ष | ख | (क) ऑनलाइन परीक्षा; और<br>(ख) आशुलिपि परीक्षाः अंग्रेजी या हिंदी में आशुलिपि परीक्षा में सात मिनट तक सौ शब्द प्रति मिनट की श्रुतलेख परीक्षा होगी जिसका अभ्यर्थी को पैतांलीस मिनट में (अंग्रेजी श्रुतलेख) और साठ मिनट में (हिंदी श्रुतलेख) का अनुलेखन करना होगा और कम्प्यूटर का ज्ञान अपेक्षित होगा। 40% या उससे अधिक निशक्तता वाले दृष्टि बाधित अभ्यर्थियों को उक्त सामग्री का अंग्रेजी आशुलिपि परीक्षा के लिए सत्तर मिनट में और हिंदी आशुलिपि परीक्षा के लिए नब्बे मिनट में अनुलेखन करना होगा। परीक्षा अर्हक प्रकृति की होगी। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **6.** | कनिष्ठ अनुवादक (हिंदी) | 27 वर्ष | ख | (क) ऑन लाइन परीक्षा ; और<br>(ख) अनुवादक हेतु व्यावहारिक कौशल परीक्षा। यह परीक्षा अर्हक प्रकृति की होगी |
| **7.** | पुस्तकालय सहायक | 27 वर्ष | ग | (क) ऑनलाइन परीक्षा; और<br>(ख) पुस्तकालय विज्ञान पर व्यावहारिक कौशल। यह परीक्षा अर्हक प्रकृति की होगी। |
| **8.** | आशुलिपिक | 27 वर्ष | ग | (क) ऑनलाइन परीक्षा ; और<br>(ख) आशुलिपि परीक्षाः 80 शब्द प्रति मिनट की गति पर अंग्रेजी /हिंदी आशुलिपि परीक्षा जिसका अनुलेखन अभ्यर्थी को कम्प्यूटर पर क्रमशः 50 या 65 मिनट में करना होगा।<br>यह परीक्षा अर्हक प्रकृति की होगी। |
| **9.** | वरिष्ठ सचिवालय सहायक | 27 वर्ष | ग | (क) ऑनलाइन परीक्षा ; और<br>(ख) कम्प्यूटर प्रवीणता में अर्हता कौशल परीक्षा जिस में निम्नलिखित शामिल होगाः<br>(क) वर्ड प्रोसेसिंग टेस्ट-15 मिनट में 2000 की डिप्रेशन;<br>(ख) माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल पर स्प्रेड शीट्स टेस्ट-15 मिनट; और<br>(ग) पावर प्वाइंट (माइक्रोसॉफ्ट पावर प्वाइंट में टेस्ट-15 मिनट)। |
| **10.** | कनिष्ठ सचिवालय सहायक | 27 वर्ष | ग | (क) ऑन लाइन परीक्षा; और<br>(ख) टंकण गति परीक्षाः<br>[कम्प्यूटर पर अंग्रेजी में प्रति मिनट पैंतीस शब्द और हिंदी में प्रति मिनट तीस शब्द टंकण गति (प्रति शब्द के लिए औसतन 5 की डिप्रेशन पर 10500 केडीपीएच /9000 केडीपीएच के अनुरूप 35 शब्द प्रति मिनट और 30 शब्द प्रति मिनट) अनुमेय समय 10 मिनट)<br>परीक्षा अर्हक प्रकृति की होगी। |
| नोट:<br>1. उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन करते समय यह आवश्यक है कि शैक्षिक योग्यता, जाति, अनुभव, आदि के प्रमाण पत्र उपलोड करने होंगे।<br>2. आशुलिपिक और जूनियर सचिवालय सहायक के पद के लिए, उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन भरते समय, राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क के स्तर -5 तक कंप्यूटर प्रवीणता का प्रमाण अपलोड करना होगा।<br>3. व्यक्तिगत सहायक और सहायक अनुभाग अधिकारी के पद के लिए, उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन भरते समय, राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क के स्तर- 6 तक कंप्यूटर प्रवीणता का प्रमाण अपलोड करना होगा। | | | | |

4. **ऑनलाइन परीक्षाः** ऑनलाइन परीक्षा का स्वरूप संबंधी विवरण; ऑनलाइन परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए परीक्षा केन्द्र; और अन्य दिशानिर्देश/सूचना निम्नांकित हैः

**(क) ऑनलाइन परीक्षा का स्वरूप**

**(i) सहायक निदेशक (प्रशासन एवं वित्त), सहायक निदेशक (मार्केटिंग एवं उपभोक्ता मामले) और सहायक निदेशक (पुस्तकालय)** के पदों हेतु परीक्षा स्नाकोत्तर स्तर की होगी जिसका सिलेबस निम्न प्रकार से हैः

| क्र. स. | परीक्षा पद का नाम | प्रश्नों की संख्या | अंक अधिकतम अंक | कुल समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सामान्य बौद्धिक एवं तर्क क्षमता | 40 | 40 | **120 मिनट** |
| 2. | अंग्रेजी भाषा | 40 | 40 | |
| 3. | क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड | 20 | 20 | |
| 4. | सहायक निदेशक (वित्त) के लिए वित्त में डोमेन में ज्ञान<br>सहायक निदेशक (विधि) के लिए विधि में डोमेन का ज्ञान<br>सहायक निदेशक (मार्केटिंग एवं उपभोक्ता मामले) के लिए पब्लिक रिलेशन्स/प्रचार/विज्ञापन/वैज्ञानिक पत्रकारिता पर डोमेन का ज्ञान<br>सहायक निदेशक (पुस्तकालय) के लिए पुस्तकालय विज्ञान पर डोमेन का ज्ञान | 50 | 50 | |
| | **कुल** | **150** | **150** | |

***अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु विचार किए जाने के लिए ऑनलाइन परीक्षा में कुल अधिकतम अंकों में से कम से कम 50% अंक हासिल करने अपेक्षित होगें।***

(ii) **सहायक अनुभाग अधिकारी, निजी सचिव, आशुलिपि वरिष्ठ सचिवालय सहायक** और **कनिष्ठ सचिवालय सहायक** के लिए परीक्षा स्नातक स्तर की होगी जिसका सिलेबस निम्न प्रकार से होगाः

| क्र.स. | परीक्षा का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | कुल समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सामान्य बौद्धिक एवं तर्क क्षमता | 50 | 50 | 120 मिनट |
| 2. | सामान्य जानकारी | 25 | 25 | |
| 3. | क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड | 25 | 25 | |
| 4. | अंग्रेजी भाषा | 50 | 50 | |
| | **कुल** | **150** | **150** | |

***अभ्यर्थियों को अगली चयन प्रक्रिया हेतु विचार किए जाने के लिए ऑनलाइन परीक्षा में कुल अधिकतम अंकों में से कम से कम 50% अंक हासिल करने अपेक्षित होंगे।***

(iii) **कनिष्ठ अनुवादक (हिंदी)** और **पुस्तकालय सहायक** के पद हेतु परीक्षा स्नातक स्तर की होगी जिसका सिलेबस निम्न प्रकार से होगाः

| क्र.स. | परीक्षा का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | कुल समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सामान्य बौद्धिक एवं तर्क क्षमता | 50 | 50 | 120 मिनट |
| 2. | सामान्य जानकारी | 25 | 25 | |
| 3. | अंग्रेजी भाषा | 25 | 25 | |
| 4. | कनिष्ठ अनुवादक (हिंदी) के लिए<br>--सामान्य हिंदी एवं शब्दावली डोमेन का ज्ञान<br>--पुस्तकालय सहायक के लिए<br>--पुस्तकालय विज्ञान पर डोमेन का ज्ञान | 50 | 50 | |
| | **कुल** | **150** | **150** | |

***अभ्यर्थियों को अगली चयन प्रक्रिया हेतु विचार किए जाने के लिए ऑनलाइन परीक्षा में कुल अधिकतम अंकों में से कम से कम 50% अंक हासिल करने अपेक्षित होंगे।***

**(ख) आयु सीमा में छूट**

विभिन्न वर्गों के लिए आयु सीमा में अनुमेय छूट निम्नांकित हैं

| **कोड सं.** | **वर्ग** | **अधिकतम आयु सीमा के बाद आयु में छूट** |
|---|---|---|
| 01 | अनुसूचित जाति/जनजाति | 5 वर्ष |
| 02 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 3 वर्ष |
| 03 | दिव्यांग (अनारक्षित/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) | 10 वर्ष |
| | दिव्यांग (अ.पि. व) | 13 वर्ष |
| | दिव्यांग (अनुसूचित जाति /जाति/जनजाति) | 15 वर्ष |
| 04 | भूतपूर्व सैनिक | |
| | समूह क एवं ख (भूतपूर्व सैनिक (भू.पू.सै.) ईसीओ/एसएससीओ सहित कमीशंड अधिकारी | 05 वर्ष |
| | समूह ग भूतपूर्व सैनिक (अनारक्षित/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) | ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख को वास्तविक आयु में से, की गई मिलिट्री सेवा को, घटाने के बाद तीन वर्ष |
| | समूह ग भूतपूर्व सैनिक (अ.पि.व) | ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख को वास्तविक आयु में से, की गई मिलिट्री सेवा को, घटाने के बाद 06 (3+3) वर्ष |
| | समूह ग भूतपूर्व सैनिक (अ.जा/अ.ज.जा) | ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख को वास्तविक आयु में से, की गई मिलिट्री सेवा को, घटाने के बाद 08 (3+5) वर्ष |
| 05 | रक्षा कार्मिक जो विदेश के साथ अथवा किसी अशांत क्षेत्र में युद्ध स्थिति के दौरान ऑपरेशन में निःशक्त होने के परिणामस्वरूप रिलीज किये गये हो। | 03 वर्ष<br>[अधिकतम 45 वर्ष] |
| | रक्षा कार्मिक जो विदेश के साथ अथवा किसी अशांत क्षेत्र में युद्ध स्थिति के दौरान ऑपरेशन में निःशक्त होने के परिणामस्वरूप रिलीज किये गये हो। (अनुसूचित जाति/ जनजाति) | 8 वर्ष<br>[अधिकतम 50 वर्ष] |
| 06 | विधवा/परित्यक्त महिला/ कानूनी रूप से विलग महिला और जिसने पुनर्विवाह न किया हो (अनारक्षित/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) | 35 वर्ष की आयु |
| | विधवा/परित्यक्त महिला/ कानूनी रूप से विलग महिला और जिसने पुनर्विवाह न किया हो (अनुसूचित जाति/जनजाति) | 40 वर्ष |
| 07 | बीआईएस कर्मचारी (सेवारत मात्र) | 50 वर्ष की आयु तक |

**नोटः उपर्युकत मदों के अन्तर्गत अथवा अन्य किसी मद के संयोजन में संचयी आयु छूट उपलब्ध नही होगी।**

**भूतपूर्व सैनिक के लिए छूट** (ऑनलाइन आवेदन के पंजीकरण की अंतिम तारीख पर)

1) **सहायक निदेशक (प्रशासन एवं वित्त), सहायक निदेशक (मार्केटिंग एवं उपभोक्ता मामले), सहायक निदेशक (पुस्तकालय), सहायक अनुभाग अधिकारी, निजी सहायक एवं कनिष्ठ हिंदी अनुवादक के** पदों के लिएः

   क) विदेश के साथ अथवा अशांत क्षेत्र में युद्ध स्थिति के दौरान ऑपरेशन में निशक्त हुए और उसके परिणामस्वरूप रिलीज किये गये युद्ध रक्षा सेवा कार्मिकों के मामले में अधिकतम तीन वर्ष तक (अ.जा/ज.जा के लिए 8 वर्ष)

   ख) --- को कम से कम पाँच वर्ष की मिलिट्री सेवा कर चुकने और रिलीज़ हो गए कमीशंड अधिकारियों और ईसीओएस/एसएसओएस सहित पूर्व सैनिकों के मामले में अधिकतम पाँच वर्ष तक (क) दुराचार अथवा अक्षमता के कारण बर्खास्त अथवा कार्यमुक्त किए जाने के अन्यथा एसाइंमेंट के पूरा होने पर (जिनका असाइंमेंट एक वर्ष के भीतर पूरा होने वाला है, उनके सहित) अथवा (ख) मिलिट्री सेवा के कारण हुई किसी शारिरिक निशक्तता के कारण अथवा (ग) अशक्तता होने पर।

   ग) 26 सितम्बर 2020 को मिलिट्री सेवा में पाँच वर्ष कार्य की आरंभिक अवधि पूरी कर लेने वाले ईसीओएस/एसएसओएस के मामले में और जिनका असाइंमेंट पाँच वर्ष से आगे विस्तारित कर दिया गया है और जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय यह प्रमाण पत्र जारी करता है कि वे सिविल रोज़गार के लिए आवेदन कर सकते है और उनका चयन होने पर नियुक्ति प्रस्ताव के प्राप्त होने की तारीख से तीन माह के नोटिस पर उन्हें कार्यमुक्त कर दिया जाएगा। अधिकतम पाँच वर्ष तक।

2) **अन्य पदों हेतु:**

   क) भूतपूर्व सैनिक जिन्होंने सशस्त्र बल में कम से कम छ माह की निरन्तर सेवा की हो, उन्हे इस प्रकार की सेवा अवधि को उनकी वास्तविक आयु में से कम करने की अनुमति होगी और यदि परिणामी आयु निर्धारित अधिकतम आयु से तीन वर्ष से अधिक नही होती है तो उन्हें आयु सीमा की शर्त को पूरा करने के लिए उपयुक्त माना जाएगा ;

   ख) उन भूतपूर्व सैनिकों, जो पहले ही केन्द्र सरकार के अन्तर्गत सिविल पदों पर नियमित रोज़गार प्राप्त कर चुके है, को भी किसी भी समूह/पद पर होते हुए भी केन्द्र सरकार के अन्तर्गत किसी उच्चतर पद अथवा सेवा में अन्य रोज़गार प्राप्त करने हेतु भूतपूर्व सैनिक के लिए अनुमेय आयु में छूट के अनुसार लाभ लेने की अनुमति होगी। तथापि, इस प्रकार के अभ्यर्थी केन्द्र सरकार के भूतूपूर्व सैनिकों के लिए (का.ज्ञा.36.034/6/90-स्था (एससीटी) दिनांक 10.10.94 आरक्षण के लाभ, यदि कोई हो, के पात्र नहीं होगें ; और

   ग) निःशक्त रक्षा सेवा कार्मिकों को निर्धारित उच्चतर आयु सीमा से अधिक आयु सीमा में तीन वर्ष तक की छूट (आ.जा/ज.जा से संबंधित निशक्त रक्षा सेवा कार्मिकों के मामले में आठ वर्ष) इस शर्त के साथ मिलेगी कि उन्हें आयु सीमा के अन्तर्गत आने वाले किसी सामान्य अभ्यर्थी के लिए अनुमेय अवसरों की अधिकतम संख्या की अपेक्षा किसी सेवा, या सेवा समूह में भर्ती के संबंध मे अवसरों की अधिक संख्या का उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी। (आयु में छूट का दावा करने के लिए निशक्त रक्षा सेवा कार्मिक के दावे के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य के रूप में महानिदेशक, रिसेप्लमेंट, रक्षा मंत्रालय का प्रमाणपत्र स्वीकार किया जाएगा)।

**नोट I :** भूतपूर्व सैनिक शब्द उन व्यक्तियों पर लागू होगा जिन्हें भूतपूर्व सैनिक रि-इम्पलॉयमेंट इन सिविल सर्विस एण्ड पोस्ट्स) नियमावली 1979, समय-समय पर यथा संशोधित में भूतपूर्व सैनिक के रूप में परिभाषित किया गया है।

**नोट II :** उपर्युक्त पैरा क (क) एवं (ख) और ख (क) एवं (ख) के अन्तर्गत आयु में छूट ईसीओएस/एसएसओएस सहित उन भूतपूर्व सैनिकों और कमीशंड अधिकारियों के लिए अनुमेय नहीं होगी जो अपने अनुरोध पर रिलीज हुए हों।

**नोट III :** आयु में छूट मांगने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार/कौशल परीक्षा/आशुलिपि परीक्षा/व्यावहारिक कौशल परीक्षा और तदनन्तर भर्ती प्रक्रिया के अन्य किसी चयन पर बीआईएस की अपेक्षानुसार अनिवार्य प्रमाणपत्र (त्रों) की प्रतियाँ प्रस्तुत करनी अपेक्षित होंगी।

**नोट IV:** अनारक्षित रिक्तियाँ अर्थात् वह पद जिनके लिए अ.जा/ज.जा/अ.पि.व हेतु रिक्तियों का विज्ञापन नहीं दिया गया है, उन पदों पर अ.जा/ज.जा/अ.पि.व (नॉन क्रीमीलेयर) से संबंधित आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों पर सामान्य मानदण्डों के अन्तर्गत विचार किया जाएगा और उन्हें उच्चतर आयु सीमा में कोई छूट नहीं दी जाएगी।

**(ग) परीक्षा केंद्र**

परीक्षा निम्न केंद्रो में आयोजित की जाएगी/की जा सकती हैः

| क्रमांक | राज्य | परीक्षा के लिए शहर | क्रमांक | राज्य | परीक्षा के लिए शहर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | विशाखापट्टनम | 26 | तमिलनाडु | चेन्नई |
| 2 | आंध्र प्रदेश | विजयवाड़ा | 27 | तमिलनाडु | कोयंबटूर |
| 3 | बिहार | पटना | 28 | तमिलनाडु | मदुरई |
| 4 | छत्तीसगढ़ | रायपुर | 29 | तेलंगाना | हैदराबाद |
| 5 | गोवा | पण्जी | 30 | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 6 | गुजरात | अहमदाबाद | 31 | उत्तर प्रदेश | इलाहाबाद |
| 7 | गुजरात | राजकोट | 32 | उत्तराखंड | देहरादून |
| 8 | हरियाणा | चंडीगढ | 33 | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | शिमला | 34 | सिक्किम | गुवाहाटी |
| 10 | झारखंड | रांची | 35 | असम | गुवाहाटी |
| 11 | कर्नाटक | बेंगलुरू | 36 | अरूणाचल प्रदेश | गुवाहाटी |
| 12 | केरल | तिरूवनंतपुरम | 37 | मेघालय | गुवाहाटी |
| 13 | केरल | कोच्चि | 38 | त्रिपुरा | गुवाहाटी |
| 14 | मध्य प्रदेश | भोपाल | 39 | मणिपुर | गुवहाटी |
| 15 | मध्य प्रदेश | ग्वालियर | 40 | मिजोरम | गुवहाटी |
| 16 | मध्य प्रदेश | इंदौर | 41 | नागालैंड | गुवहाटी |
| 17 | महाराष्ट्र | मुंबई | 42 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | चेन्नई |
| 18 | महाराष्ट्र | नासिक | 43 | चंडीगढ़ | चंडीगढ़ |
| 19 | महाराष्ट्र | पुणे | 44 | दिल्ली/एनसीआर | दिल्ली/एनसीआर |
| 20 | महाराष्ट्र | नागपुर | 45 | दादर और नगर हवेली, दमन और दीउ | सूरत |
| 21 | ओडिशा | भुवनेश्वर | 46 | जम्मू और कश्मीर | जम्मू |
| 22 | पंजाब | चंडीगढ | 47 | लद्दाख | जम्मू |
| 23 | पंजाब | बठिंडा | 48 | लक्षद्वीप | कोच्चि |
| 24 | राजस्थान | जयपुर | 49 | पुडुचेरी | चेन्नई |
| 25 | राजस्थान | जोधपुर | | | |

1. ईमेल/एसएमएस से भेजे जाने वाले प्रवेश पत्र में ऑनलाइन परीक्षा का स्थान सूचित किया जाएगा।
2. परीक्षा केंद्र/स्थान/सत्र तारीख बदलने का कोई भी अनुरोध स्वीकार नही किया जाएगा।
3. बीआईएस के पास अपने विवेकानुसार, अभ्यर्थियों की संख्या और प्रशासनिक साध्यता के आधार पर किसी भी परीक्षा केंद्र को रद्द करने/ किसी परीक्षा केंद्र को शामिल करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
4. बीआईएस को अधिकार है कि वह किसी भी अभ्यर्थी द्वारा चुने गये परिक्षा केंद्र के स्थान पर अन्य कोई परीक्षा केंद्र अलॉट कर सकता है
5. अभ्यर्थी अपने जोखिम एवं खर्च पर परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र में उपस्थित हों।
6. बीआईएस किसी भी प्रकार की चोट अथवा हानि के लिए जिम्मेदार नही होगा।

**(ड) ऑनलाइन परीक्षा में भाग लेने के लिए अन्य दिशा-निर्देश/जानकारी**

**1. कटआफ स्कोर**:

(i) अभ्यर्थी की आगे की चयन प्रक्रिया पर विचार करने के लिए अभ्यर्थी को ऑनलाइन परीक्षा में अधिकतम अंकों में से कम से कम 50% अंक अर्जित करने होंगे।

(ii) प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा भिन्न-भिन्न सत्रों (यदि हुआ है) में अर्जित अंकों को सम प्रतिशतता पद्यति (equi percentile method) के प्रयोग से सामान्यकृत किया जायेगा;और

(iii) व्यैक्तिक परीक्षाओं में केवल उत्तीर्ण होना पर्याप्त नहीं है अपितु अभ्यर्थी को साक्षात्कार/कौशल परीक्षा/आशुलिपि परीक्षा/प्रैक्टिकल कौशल परीक्षा, जैसा भी मामला हो, में बुलावे हेतु मैरिट में स्थान के लिए पर्याप्त उच्चतम अंक भी अर्जित करने होंगे।

**2. स्कोर आकलन की प्रक्रिया**

ऑनलाइन परीक्षा के अंक निम्नलिखित प्रक्रिया द्वारा निकाले जाएंगे :

(i) प्रत्येक ऑब्जेक्टिव परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा दिए गये प्रश्नों के सही उत्तलरों की संख्या को दिए गए गलत उत्तरों के लिए पेनल्टी लगाने के बाद संशोधित स्कोर निकालने के लिए विचार किया जाता है।

(ii) सम अंकों* का आकलन करने के लिए विभिन्न सत्रों में हुई ऑब्जेक्टिव परीक्षाओ में अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त सही अंकों को कठिनाई स्तर, यदि कोई हो, में मामूली अंतर को ध्यान में रखते हुए एक समान किया जाता है।

* किसी भी परीक्षा में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त स्कोर को सभी फॉर्म के अंकों के वितरण पर विचार करके आधार फॉर्म के सम किया जाता है।

(iii) टेस्ट वार अंक और कुल पर प्राप्त अंकों को दो अंकों तक दशमलव बिंदु के साथ रिपोर्ट किया जाता है।

**नोट :** कटऑफ दो चरणों में लागू किए जाते हैं :

(i) व्यक्तिगत परीक्षाओं में अंको पर; (ii) कुल प्राप्तांक पर

**3. उम्मीदवारों का सत्यापन: (पहचान सत्यापन)**

परीक्षा हॉल और चयन की प्रक्रिया के दौरान, प्रवेश पत्र मूल के साथ और उम्मीदवार की वर्तमान में मान्य फोटो पहचान की एक फोटोकॉपी सहित (जिस पर बिलकुल प्रवेश पत्र जैसा ही नाम अंकित हो) जैसे पैन कार्ड / पासपोर्ट / ड्राइविंग लाइसेंस / वोटर कार्ड / बैंक पासबुक जिसमें फोटो / फोटो पहचान प्रमाण के साथ जारी किया गया हो, एक सरकारी अधिकारी के लेटरहेड पर एक राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी किया गया फोटो / फोटो पहचान प्रमाण आधिकारिक लेटरहेड पर एक फोटो / वैध हाल ही में जारी किए गए पहचान पत्र के साथ। फोटो के साथ एक मान्यता प्राप्त कॉलेज / विश्वविद्यालय / आधार कार्ड / फोटोग्राफ के साथ कर्मचारी आईडी, सत्यापन के लिए पर्यवेक्षक को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। अभ्यर्थी की पहचान का विवरण, एडमिट कार्ड पर उसके विवरण, उपस्थिति सूची और अपेक्षित दस्तावेज साथ उसकी पहचान के लिए सत्यापित किया जाएगा और पहचान में संदेह होने पर उम्मीदवार को परीक्षा में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी।

**इस परियोजना के लिए ईआधार कार्ड और राशन कार्ड- वैध आईडी प्रमाण नहीं हैं ।**

**ध्यान दें:** अभ्यर्थी को मूल फोटो पहचान प्रमाण प्रस्तुत करना होगा और परीक्षा /साक्षात्कार/ कौशल परीक्षा/ आशुलिपि परीक्षा/अल्प लिखित परीक्षा में भाग लेने के दौरान ऑनलाइन परीक्षा प्रवेश पत्र के साथ फोटो पहचान प्रमाण की फोटोकॉपी जमा करनी होगी, जिसके बिना उन्हें परीक्षा /साक्षात्कार/ कौशल परीक्षा/ आशुलिपि परीक्षा/अल्प लिखित परीक्षा देने की अनुमति नहीं होगी। उम्मीदवार ध्यान में रखें कि प्रवेश पत्र में अंकित नाम (पंजीकरण की प्रक्रिया के दौरान दिया गया) ठीक वही हो जैसा कि फोटो फोटो पहचान पत्र में दिया गया है। वे महिला उम्मीदवार इस पर विशेष ध्यान दें जिन्होंने शादी के बाद अपने पहले/अंतिम/मध्य नाम में परिवर्तन किया है। प्रवेश पत्र और फोटो पहचान पत्र में दिए गए नाम में कोई अंतर होने पर उम्मीदवार को परीक्षा देने की अनुमति नहीं होगी। यदि उम्मीदवार ने अपने नाम में परिवर्तन किया हो तो उन्हें मूल राजपत्र अधिसूचना/मूल विवाह प्रमाण पत्र/मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करने पर ही अनुमति प्रदान की जाएगी।

**4**. **देरी से रिपोर्ट करने वाले अभ्यर्थी** अर्थात् परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र में निर्दिष्ट रिपोर्टिंग समय के बाद पहुंचने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा देने की अनुमति नहीं होगी। प्रवेश पत्र पर उल्लिखित रिपोर्टिंग समय परीक्षा प्रारंभ होने के समय से पूर्व का समय है। हालांकि, परीक्षा की अवधि 2 घंटे है लेकिन उम्मीदवारों को परीक्षा स्थल पर 4 घंटे का समय लग सकता है, जिसमें सत्यापन; और विभिन्न अपेक्षित दस्तावेज एकत्र करना; लॉगइन करना; निर्देश देना; इत्यादि जैसी औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक समय शामिल है।

**5. पात्रता को स्वयं सुनिश्चित करना**

(i) उल्लिखित पदों के लिए आवेदन करने से पहले अभ्यर्थी सुनिश्चित कर लें कि वे इस विज्ञापन में वर्णित पात्रता और अन्य मानदंडों को पूरा करता है। इसलिए उम्मीदवार इस विज्ञापन को ध्यान से पढ़ें और ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए दिए गए सभी निर्देशों का पालन करें।

(ii) अभ्यर्थी का परीक्षा/बाद की प्रक्रिया में प्रवेश केवल अनंतिम है। अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र जारी किए जाने का आशय यह नहीं है कि उसकी उम्मीदवारी को अंतिम रूप दे दिया गया है। प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर बीआईएस किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने के लिए स्वतंत्र होगा और किसी भी स्तर पर यह पता लगने पर उम्मीदवार की उम्मीदवारी को रद्द किया जा सकता है कि उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और या कि उसने कोई गलत //झूठी जानकारी/प्रमाण पत्र/दस्तावेज दिया है या अन्य किसी वास्तविक तथ्य(तथ्यों) को छुपाया है।नियुक्ति के बाद इन कमियों में से किसी का पता लगने पर उसकी सेवाओं को तत्काल समाप्त किया जा सकता है।

(iii) भर्ती से संबंधित सभी मामलों में बीआईएस का निर्णय अंतिम और उम्मीदवार के लिए बाध्यकारी होगा। इस संबंध में किसी प्रकार के पत्राचार या व्यक्तिगत पूछताछ पर बीआईएस द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।

**6. सूचनाए :**

(i) सभी सूचनाएं ऑनलाइन आवेदन फार्म में पंजीकृत ईमेल आईडी और मोबाइल नम्बर पर ईमेल और/ या एसएमएस द्वारा दी जाएंगी।

(ii) बीआईएस के नियंत्रण से परे मोबाइल नंबर, ईमेल पते, तकनीकी गलती या अन्यथा में परिवर्तन के मामले में सूचना/सूचनाएं उम्मीदवारों तक नहीं पहुंचती है तो बीआईएस इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है नवीनतम जानकारी के लिए बीआईएस वेबसाइट www.bis.gov.in समय-समय पर देखते रहें ।

**7. मोबाइल फोन, पेजर्स, कैलकुलेटर या ऐसे किसी भी तरह के यंत्रों का उपयोग**

(i) परीक्षा स्थल परिसर के अंदर मोबाइल फोन, पेजर या किसी अन्य संचार उपकरण को ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इन निर्देशों का कोई भी उल्लंघन किए जाने पर उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है और उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है जिसमें भविष्य की परीक्षाओं के लिए प्रतिबंधित किया जाना शामिल है।

(ii) उम्मीदवारों को अपने उनके हित में सलाह दी जाती है कि परीक्षा स्थरल पर मोबाइल फोन/पेजर सहित कोई प्रतिबंधित वस्तुा न लाएं क्यों कि इनकी सुरक्षा की व्य वस्थाव सुनिश्चित नहीं की जा सकती।

(iii) उम्मीदवार को परीक्षा परिसर में कैल्कुलेटर रखने या उसे उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी ।

(iv) ऑनलाइन परीक्षा से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी की सूचना एक हैंडआउट में दी जाएगी, जो उम्मीदवारों को बीआईएस की वेबसाइट से प्रवेश पत्र के साथ डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध कराई जाएगी ।

(v) अभ्यर्थी द्वारा निश्चित किया गया सक्राइब परीक्षा में किसी भी पद के लिए उम्मीदवार न हो । प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर उपरोक्त उल्लंघन का पता चलने पर उम्मीदवार और सक्राइब दोनों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। परीक्षा में एक से अधिक उपस्थिति/भागीदारी तत्का ल निरस्तद कर दी जाएगी/उम्मीरदवारी रद्द कर दी जाएगी।

(vi) एक बार पंजीकृत ऑनलाइन आवेदन वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी और/या एक बार भुगतान किए गए आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क वापस नहीं किया जाएगा और न ही किसी अन्य परीक्षा के लिए सुरक्षित रखा जाएगा ।

**8. कदाचार/अनुचित माध्यमों के प्रयोग का दोषी पाये जाने वाले उम्मीदवारों के विरूद्ध कार्रवाई**

उम्मीदवारों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे कोई भी ऐसा विवरण प्रस्तुत न करें जो झूठा, गलत या मिथ्याई हो तथा ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय किसी भी प्रकार की वास्तविक जानकारी न छिपाई जाए। परीक्षा के समय, साक्षात्कार या उसके बाद की चयन प्रक्रिया में, अभ्यर्थी के निम्नलिखित में दोषी होने (या दोषी पाए जाने) पर

(क) अनुचित साधनों का उपयोग करते हुये या

(ख) किसी दूसरे के नाम से कार्य या किसी भी व्यक्ति के लिए कार्य करना या

(ग) परीक्षा/साक्षात्कार में दुर्व्यवहार करना अथवा किसी भी प्रयोजन से परीक्षा(परीक्षाओं) या उसकी किसी जानकारी का समग्र या आंशिक रूप से किसी भी प्रकार या तरीके,मौखिक या लिखित, इलेक्ट्रॉनिक या यांत्रिक रूप में प्रकट, प्रकाशित, पुर्नउत्पादित करना, उसके भंडारण या जानकारी के प्रसार को सुगम करना और भंडारित करना अथवा

(घ) अपनी उम्मीनदवारी से संबंधित किसी अनियमित या अनुचित तरीके को अपनाना; अथवा

(ड) अनुचित तरीके से अपनी उम्मी दवारी के लिए सहायता लेना, अथवा

(च) परीक्षा/साक्षात्कार हॉल में मोबाइल फोन या समान प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक संचार उपकरण ले जाने पर ऐसा उम्मीदवार स्वयं आपराधिक अभियोग का पात्र होने के अतिरिक्त :

(i) उसे उस परीक्षा के लिए अयोग्य ठहरा दिया जाएगा जिसके लिए वह उम्मीदवार है;

(ii) बीआईएस द्वारा संचालित की जाने वाली किसी परीक्षा के लिए स्थावयी रूप से या निर्धारित समय के लिए वंचित कर दिया जाएगा;

(iii) यदि वह बीआईएस में सेवा ग्रहण कर चुका है तो उसकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी।

**महत्वपूर्णः** बीआईएस उन व्यक्तिगत अभ्यर्थियों के उत्तरों (उत्तरों) का विश्लेषण करेगा जो उन अन्य अभ्यर्थियों के सही एवं गलत उत्तरों के सदृश तरीकों में संसूचित होंगे। यदि इस संबंध में बीआईएस द्वारा अपनाई गई विश्लेषणात्मक प्रक्रिया में यह निष्कर्ष निकाला जाता है कि उत्तर शेयर किये गये है तथा प्राप्त स्कोर विशुद्ध/वैध नही है तो बीआईएस संबंधित अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी रदद् करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और ऐसे अभ्यर्थियों (अयोग्य) के परिणाम रोक दिये जायेंगे।

**9. बुलावा पत्र**

परीक्षा / साक्षात्कार/ कौशल परीक्षा/आशुलिपि परीक्षा/ अल्प लिखित परीक्षा, जहां भी लागू हो, के लिए केन्द्र, स्थान, पता, जिस पद के लिए आवेदन किया है के लिए तिथि एवं स्थान की सूचना संबंधित प्रवेश पत्र में दी जाएगी। सफलतापूर्वक पंजीकरण करने वाले अभ्यर्थी बीआईएस की वेबसाइट www.bis.gov.in पर अपना विवरण अर्थात पंजीकरण संख्या और पासवर्ड/ जन्म तिथि प्रविष्ट करके अपना प्रवेशपत्र डाउनलोड करें। डाक/कोरियर के माध्यम से प्रवेश पत्र/सूचना हैंडआउट की कोई हार्डकॉपी नहीं भेजी जाएगी। सभी सूचनाएं ऑनलाइन आवेदन फार्म में पंजीकृत ईमेल आईडी और मोबाइल नम्बीर पर ईमेल और/एसएमएस द्वारा दी जाएंगी। मोबाइल नंबर, ईमेल पते में किसी तकनीकी दोष या बीआईएस के नियंत्रण से बाहर बदलाव होने के कारण उम्मी दवार को ईमेल की गई/ एसएमएस द्वारा भेजी गई सूचना देर से मिलने/न मिलने के लिए बीआईएस जिम्मे दार नहीं होगा।

अतएव उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नवीनतम जानकारी और आगे के मार्गदर्शन के लिए नियमित रूप से बीआईएस की वेबसाइट www.bis.gov.in समय-समय पर तथा भर्ती प्रक्रिया के दौरान समय-समय पर अपना पंजीकृत ईमेल अकांउट देखते रहें।

**10. कैसे आवेदन करें**

**निम्नलिखित के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश/प्रक्रिया**

**क. आवेदन पंजीकरण**

**ख. शुल्क भुगतान**

**ग. फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर स्कैन और अपलोड**

उम्मीदवार **05 सितम्बर 2020 से (प्रातः 9.00 बजे)** से **26 सितम्बर 2020 (शाम 6.00 बजे)** तक आवेदन कर सकते हैं। अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**<u>पंजीकरण से पूर्व ध्यान देने योग्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु</u>**

ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व आवेदक-

i. अपने फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्कैन करें जिसमें यह सुनिश्चित करें कि फोटोग्राफ और हस्ताक्षर उसी निर्धारित अपेक्षा के अनुरूप हो जो कि फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्कैन और अपलोड करने के लिए दिए गए दिशा-निर्देशों के लिए दी गई है।

ii. वैध पर्सनल ईमेल आईडी और मोबाइल नम्बर हो जो कि भर्ती प्रक्रिया पूरी होने तक एक्टिव रहे। बैंक पंजीकृत ईमेल आईडी द्वारा परीक्षा इत्यादि के लिए प्रवेशपत्र डाउनलोड करने की सूचना भेज सकता है। यदि उम्मीदवार के पास वैध व्यक्तिगत ईमेल आईडी है तो वह ऑनलाईन आवेदन करने से पूर्व नई ईमेल आईडी बना ले और मोबाइल नम्बर लें और अपना ईमेल अकांउट और मोबाइल नम्बर बनाए रखें।

iii. **आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क (अप्रतिदेय)**

**ऑनलाइन शुल्क का भुगतान: [05 सितम्बर 2020 से (प्रातः 9.00 बजे)** से **26 सितम्बर 2020 (शाम 6.00 बजे)]** आवेदन शुल्क./सूचना शुल्क के ऑनलाइन भुगतान के लिए बैंक हस्तांतरण प्रभार का वहन उम्मीदवार को स्वयं करना होगा।

**क. आवेदन प्रक्रिया**

1. उम्मीदवार बीआईएस वेबसाइट पर जाएं और शीर्ष “Career Opportunities” के अंतर्गत टैब ‘’Recruitment Advt./Results”पर क्लिक करें और फिर “Apply Online” पर क्लिक करें जिससे नई स्क्रीन खुल जाएगी।

2. आवेदन पंजीकरण करने के लिए टैब “Click here for new registration” पर जाएं और नाम, संपर्क का विवरण और ईमेल आईडी प्रविष्ट करें। सिस्टयम द्वारा एक अस्थांयी पंजीकरण संख्या और पासवर्ड जनरेट होगा और स्क्रीन पर आएगा। उम्मीदवार अस्था यी पंजीकरण संख्यान और पासवर्ड नोट कर लें। अस्थागयी पंजीकरण संख्या और पासवर्ड को दर्शाने वाला ईमेल और एसएमएस भी भेजा जाएगा।

3. यदि उम्मीदवार एक बार में आवेदन फॉर्म को पूरा करने में असमर्थ है, तो वह "सेव एंड नेक्स्ट" टैब चुनकर पहले से दर्ज डेटा को बचा सकता है। ऑनलाइन आवेदन जमा करने से पहले उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन पत्र में विवरण को सत्यापित करने के लिए "सेव एंड नेक्स्ट" सुविधा का उपयोग करें और यदि आवश्यक हो तो उसी को संशोधित करें । दृष्टि बाधित उम्मीदवारों को आवेदन पत्र को सावधानीपूर्वक भरना चाहिए और यह सुनिश्चित करने के लिए सत्यापित करना/ विवरण सत्यापित करवाने चाहिए कि अंतिम प्रस्तुति करने से पहले वे सही हैं।

4. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन में भरे गए विवरण को सावधानीपूर्वक भरें और सत्यापित करें क्योंकि अंतिम सब्मिट बॅटन पर क्लिक करने के बाद कोई बदलाव संभव नहीं होगा।

5. उम्मीदवार, या उसके पिता / पति आदि का नाम आवेदन में सही ढंग से लिखा जाना चाहिए क्योंकि यह प्रमाणपत्र / मार्कशीट / पहचान प्रमाण में दिखाई देता है। कोई भी परिवर्तन / बदलाव उम्मीदवारी को अयोग्य घोषित कर सकता है।

6. अपने विवरणों को सत्यापित करें और 'अपने विवरणों को सत्यापित करे' और 'सहेजें और अगला' बटन पर क्लिक करके अपना आवेदन सहेजें।

7. उम्मीदवार "सी" बिंदु के तहत विस्तृत फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए दिशानिर्देशों में दिए गए विनिर्देशों के अनुसार फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए आगे बढ़ सकते हैं ।

8. उम्मीदवार आगे आवेदनपत्र के अन्य विवरण भर सकते हैं।

9. 'अन्तिम रूप से जमा करने'से पहले पूरे आवेदन फॉर्म का पूर्वावलोकन और सत्यापन करने के लिए पूर्वावलोकन टैब पर क्लिक करें।

10. यदि आवश्यक हो, तो विवरण संशोधित करें, और सत्यापित करने और सुनिश्चित करने के बाद कि फोटोग्राफ, हस्ताक्षर अपलोड किए गए हैं और आपके द्वारा भरे गए अन्य विवरण सही हैं, केवल 'फाइनल सब्मिट' पर क्लिक करें।

11. 'भुगतान' टैब पर क्लिक करें और भुगतान के लिए आगे बढ़ें।

12. 'सबमिट' बटन पर क्लिक करें।

**ख. शुल्क का भुगतान(ऑनलाइन मोड)**

1. आवदेन पत्र भुगतान गेटवे के साथ एकीकृत है और निम्नलिखित निर्देशों का पालन करके भुगतान किया जा सकता है।

2. भुगतान डेबिट कार्ड (रूपे/विजा/मास्टर कार्ड/मैस्ट्रो), क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, आईएमपीएस,कैश कार्ड/मोबाइल वॉलेट का उपयोग करके किया जा सकता है।

3. ऑनलाइन आवेदन पत्र में अपनी भुगतान जानकारी जमा करने के बाद, कृपया सर्वर से जानकारी के लिए प्रतीक्षा करें। दोहरे शुल्क से बचने के लिए बैक या रिफ्रेश बटन को न दबाएं।

4. ट्रांजेक्शन के सफलतापूर्वक पूरे होने पर, ई- रसीद जनरेट होगी।

5. ई-रिसिप्ट जनरेट न होना भुगतान की विफलता को इंगित करता है। भुगतान विफल होने पर अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है कि वे अपने अनंतिम पंजीकरण संख्या और पासवर्ड का उपयोग करके फिर से लॉग-इन करें और भुगतान की प्रक्रिया को दोहराएं।

6. अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र और **ई-रसीद का प्रिंटआउट लेना होगा। कृपया ध्यान दें कि यदि यह जनरेट नहीं होता है तो ऑनलाइन ट्रांजैक्शॅन सफल नहीं हुआ है।**

7. क्रेडिट कार्ड उपयोगकर्ताओं के लिए : सभी शुल्क भारतीय रूपये में सूचीबद्ध है। यदि आप गैर-भारतीय क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हैं, तो आपका बैंक वर्तमान दरों के आधार पर आपकी स्थानीय मुद्रा में परिवर्तित हो जाएगा।

8. अपने डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, एक बार ट्रांजैक्शॅन पूरा होने के बाद कृपया अपनी ब्राउजर विंडों बंद कर दें।

9. शुल्क के भुगतान के बाद शुल्क विवरण निहित आवेदन प्रपत्र को प्रिंट करने की सुविधा है।

**ग. फोटोग्राफ(4.5 सेंमी.x3.5 सेंमी) और हस्ताक्षर को अपलोड़ और स्कैन करने के लिए दिशा-निर्देश**

**ऑनलाइन आवेदन करने से पहले अभ्यर्थियों को नीचे दिए गए निर्देशानुसार अपनी फोटो और हस्ताक्षर स्कैन (डिजिटल) इमेज की आवश्यकता होगी।**

**फोटोग्राफ इमेज:**

- फोटोग्राफ हाल की पासपोर्ट स्टाइल की कलर पिक्चर हो।
- सुनिश्चित करें कि पिक्चर कलर हो, जिसे हल्के रंग, अधिमानत: सफेद बैकग्राउंड पर लिया गया हो।
- रिलेक्सफेस से कैमरे की तरफ सीधा देखें।
- यदि तस्वीर धूप में ली गई है और आपके पीछे सूरज है तो अपने आप को छाया में रखें, ताकि आपकी नजर तिरछी न दिखे और कोई गहरी छाया न हो ।
- यदि आपको फ्लैश का उपयोग करना है, तो सुनिश्चित करें कि "रेड-आई" न हो।
- यदि आप चश्मान पहनते हैं तो कृपया सुनिश्चित करें कि कोई रिफलेक्श"न न पड़े और आपकी आंखे बिलकुल साफ दिखाई दें।
- कैप, हेड और गहरे रंग के ग्लास वाले चश्में स्वीकार्य नहीं हैं। यदि धार्मिक कारण से सिर पर कुछ पहना है तो उसकी स्वीकृति हैं किंतु इससे आपका चेहरा ढका न हो।
- आयाम 200×230 पिक्सेल (अधिमानत:)
- फाइल का आकार 20केबी-50केबी के बीच हो।
- सुनिश्चित करें कि स्केन्ड इमेज का आकार 50केबी से अधिक न हो। यदि फाइल का आकार 50केबी से अधिक है तो कृपया डीपीआई रेजोल्यूकशन रंगों की संख्याइ इत्यादि स्केनिंग की प्रक्रिया के अनुसार स्केयनर की सेटिंग समायोजित करें।

**हस्ताक्षर इमेज :**

- आवेदक सफेद पेपर पर काली स्याही वाले पेन से ही हस्ताक्षर करें।
- केवल आवेदक ही हस्ताक्षर करें और कोई अन्ये व्यक्ति नहीं।
- हस्ताक्षर का उपयोग उपस्थिति शीट पर और जहां आवश्यहक हो वहां किया जा जाए।
- प्रवेशपत्र पर प्राप्त अपलोड किए गए आवेदक के हस्ताहक्षर परीक्षा के समय उपस्थिति शीट पर किए गए हस्ताक्षर से मेल खाते हों। यदि हस्ता क्षर मेल नहीं खाते हैं तो आवेदक को अयोग्यप घोषित किया जा सकता है।
- आयाम 140×60 पिक्सरल (अधिमानत:)
- फाइल का साइज़ 10केबी-20केबी के बीच का हो
- सुनिश्चित करें कि स्केन्ड इमेज का आकार 20 केबी से अधिक न हो।
- केपिटल लैटर मे किए गए हस्ताक्षर स्वीकार्य नहीं होंगे।

**फोटोग्राफ और हस्ताक्षर की स्केनिंग:**

- स्केनर रेजोल्यूनशन को न्यूनतम 200डीपीआई (डॉट प्रति इंच) पर सेट करें।
- कलर को ट्रू कलर पर सेट करें।
- फाइल साइज यथा उपरोल्लिखित
- स्कैनर में फोटाग्राफ/हस्ताक्षर की ऐज तक इमेज को क्रॉप करें और अंतिम आकार (ऊपर निर्दिष्टा नुसार) में इमेज को क्राप करने के लिए अपलोड एडिटर का उपयोग करें।

- इमेज फाइल जेपीजी अथवा जेपीईजी प्रारूप में हों। उदाहरण के लिए फाइल का नाम. इमेज 01.जेपीजी अथवा इमेज जेपीईजी हो। इमेज के आयाम फोल्डपर फाइलों की लिस्टिंग द्वारा अथवा इमेज आइकॉन पर माउस को मूव करके चैक किए जा सकते हैं।
- एमएसविंडोज/एमएसऑफिस का उपयोग करने वाले अभ्यर्थी आसानी से एमएसपेंट या एमएसऑफिस पिक्चर मैनेजर का उपयोग करके क्रमशः फोटो और हस्ताक्षर को .जेपीईजी फॉर्मेट में 50 केबी एवं 20 केबी में प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी फॉर्मेट में स्कैन किए गए फोटोग्राफ और हस्ताक्षर को .जेपीजी फॉर्मेट में 'सेव एज' विकल्प का उपयोग करके जेपीजी फॉर्मेट में सेव किया जा सकता है और 'इमेज' मैनु में रिसाइज विकल्प (कृपया पिक्सल साइज के लिए उपरोक्त बिंदु (i)और (ii) देखें।) और क्रोप का उपयोग करके 50 केबी (फोटोग्राफ) और 20 केबी (हस्ताक्षर) से कम किया जा सकता है । सदृश विकल्प अन्य फोटो एडीटर में भी उपलब्ध है।
- यदि फ़ाइल का साइज और फॉर्मेट निर्धारित नहीं है, तो एक एरर मैसेज दिखेगा।
- ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के दौरान अभ्यर्थी को उसकी फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए एक लिंक प्रदान किया जाएगा।

**फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड़ करने की प्रक्रिया**

- फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए दो अलग-अलग लिंक होंगे
- संबंधित लिंक पर क्लिक करें "फोटोग्राफ / हस्ताक्षर अपलोड करें"
- ब्राउज़ करें और उस स्थान का चयन करें जहां स्कैन की गई फोटोग्राफ / हस्ताक्षर फ़ाइल सेव की गई है।
- उस पर क्लिक करके फाइल को चुनें
- 'ओपन/अपलोड़'बटन पर क्लिक करें

जब तक आप निर्दिष्टानुसार अपनी फोटोग्राफ और हस्ताक्षर को अपलोड़ नहीं करते हैं, तब तक आपका ऑनलाइन आवेदन पंजीकृत नहीं माना जाएगा।

**टिप्पणी :**

